# सिद्धार्थनगर का 'काला नमक' चावल दुनियाभर में फैलाएगा खुशबू

**लखनऊ।** सिद्धार्थनगर का ओडीओपी उत्पाद 'काला नमक' चावल बिक्री के लिए अब फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा। अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने सोमवार को फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए काला नमक चावल के 250 किलोग्राम की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फ्लिपकार्ट पर एफपीओ कपिलवस्तु किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड को सिंगापुर से 250 किलोग्राम कालानमक चावल के निर्यात का ऑर्डर मिला था।

इस अवसर पर सहगल ने किसानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ओडीओपी और फ्लिपकार्ट की साझेदारी नए पड़ाव पर आ गई है। फ्लिपकार्ट के माध्यम से सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल को देश-दुनिया में पहुंचाया जाएगा। किसानों को चावल की अच्छी कीमत मिलेगी और गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के तहत



**डॉ. नवनीत सहगल ने चावल की पहली खेप को किया रवाना**

सिद्धार्थनगर में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) निर्माणाधीन है। सीएफसी स्थापित होने पर कालानमक चावल भंडारण के लिए वातानुकूलित गोदाम, ग्रेडिंग के आधार पर बिक्री के लिए पैकेजिंग सहित आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। सिद्धार्थ नगर में कालानमक शोध संस्थान की स्थापना भी कराई जाएगी। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा कि यह सरकार के साथ हमारी ओडीओपी पहल के तहत भागीदारी का हिस्सा है। ब्यूरो